हिंदुस्तान मोटर्स लिमिटेड व इसुजु मोटर्स में करार

कोलकाता ■ इसुजु मोटर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने भारत में इसुजु एसयूवी व पिकअप ट्रक निर्माण के लिए हिंदुस्तान मोटर्स लिमिटेड (एचएमएल) के साथ करार पर हस्ताक्षर किया है. जानकारी के मुताबिक, वाहनों के निर्माण के लिए आवश्यक संघटकों का आयात इसुजु मोटर्स द्वारा थाइलैंड से किया जायेगा. संघटकों को चेन्नई स्थित हिंदुस्तान मोटर्स लिमिटेड की फैक्टरी में भेजा जायेगा. इसुजु मोटर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के अध्यक्ष टी किकुची ने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि भारत के बाजार में एसयूवी और एलसीवी की बेहतर वृद्धि होगी. एचएमएल के साथ हुई करार की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि यह बिकास की शुरुआत है. एचएमएल की फैक्टरी में वाहनों के निर्माण की बेहतर तकनीक है, जो फायदेमंद साबित होगी.